दैनिक जागरण 21/03/2025

जीएमएन कालेज में फ्रेंडली क्रिकेट मैच, नान टीचिंग स्टाफ विजयी

क्रिकेट मैच में विजेता टीम ट्राफी के साथ • सौजन्य विज्ञप्ति

जासं, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में स्पोर्ट्स विभाग एवं आर्गेनाइजेशन फार सोशल एंड कल्चरल अवेयरनेस के संयुक्त तत्वाधान में सभी शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच की शुरुआत प्राचार्य ने गेंदबाजी करके की। प्राचार्य ने कहा कि इस मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच के आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के बीच मित्रता को बढ़ावा देना, उन में आत्मविश्वास को बढ़ाना और टीमवर्क को बढ़ावा देना है। स्पोर्ट्स विभागाध्यक्ष डा. ब्रजेश ने बताया कि इस मैच में कालेज के विभिन्न विभागों के सभी स्टाफ सदस्यों एवं गैर सरकारी सदस्यों को एक साथ मिलकर मैदान में उतरने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। दोनों ही टीमों ने बेहद ही उम्दा खेल का प्रदर्शन किया।। स्पोर्ट्स विभाग की प्राध्यापक रूपाली ने बताया कि क्रिकेट मैच में नान टीचिंग कर्मचारियों ने जीत हासिल की। इस क्रिकेट मैच में मैन आफ द मैच का खिताब 59 रन बनाकर अंकित सैनी ने प्राप्त किया। मैच में विनर व मैन ऑफ द मैच की ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।